# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 01 अप्रेल।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्भाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कोटा में तथा जयपुर सम्भाग का सांगानेर स्टेडियम, जयपुर पर आयोजित हुआ। सम्मेलनों में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत तथा राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित सम्भाग के विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशीगण, प्रदेश पदाधिकारीगण, एआईसीसी व पीसीसी सदस्यगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यगक्षगण, वर्तमान/निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षगण, पंचायत राज एवं नगर निकायों के जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठनों व विभागों/प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुये। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा अस्वस्थ होने के कारण आज आयोजित हुये सम्भाग सम्मेलनों में सम्मिलित नहीं हो सके।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश के सभी सम्भागों में कार्यकर्ता सम्मेलन विशेष मकसद से बुलाये गये हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के कार्यकर्ता एकजुट होकर संकट समय संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इंदिरा गाँधी का जमाना देख चुके हैं जब पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी को संसद से निष्कासित किया गया था तथा आज सभी एकजुट होकर लड़ाई लड़ रहे हैं क्योंकि कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता हाईकमान की बात मानते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में महात्मा गाँधी, सरदार पटेल, पं. नेहरू, अब्दुल कलाम आजाद तथा बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान बनाकर लोकतंत्र की नींव रखी थी, जबकि पड़ौसी देश पाकिस्तान में लोकतंत्र की बजाए सेना का शासन चल रहा है जिसका परिणाम है कि आज भारत एवं पाकिस्तान की तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक व्यवस्था के कारण पूरी दुनिया में भारत का नाम सम्मान से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी को जो सम्मान विदेशों में मिलता है वह इसलिये मिलता है कि श्री नरेन्द्र मोदी गाँधी एवं नेहरू के देश के निवासी है। उन्होंने कहा कि वे आदिवासियों, दलितों, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर जनसेवा कर रहे हैं क्योंकि भारत के संविधान में सभी देशवासियों को वोट का अधिकार देकर लोकतंत्र में ताकतवार बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र

**2..........**

Created by Universal Document Converter

मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं विदेशों में जाकर कहते हैं कि 70 साल से देश में कुछ नहीं हुआ तथा ऐसा कहकर वे देश का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी ने जो बात देश में कही, वही विदेश में जाकर कही थी, किन्तु देश का कभी अपमान नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज कम्प्यूटर युग है जो कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी की देन है, इस युग में एक जगह कही बात दूसरे स्थान पर आसानी से उसी वक्त सुनी एवं देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई में उंगली नहीं कटाई उनसे हमें देशभक्ति सीखने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश के हालात बदत्तर है जिनसे लोग चिंतित हैं, न्यायपालिका दबाव में है, सीबीआई व ईडी का दुरूपयोग किया जा रहा है, विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है तथा विपक्षी पार्टियों को चंदा देने वाले के खिलाफ ईडी एवं सीबीआई कार्यवाही कर रही है।

श्री गहलोत ने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी ने ऐसा क्या कह दिया कि सत्ताधारी भाजपा के नेता श्री राहुल गाँधी को संसद में बोलने नहीं देते हैं, माईक बंद कर देते हैं ताकि उनकी आवाज कोई सुन ना सके। भारत जोड़ो यात्रा से देश में श्री राहुल गाँधी की ख्याति बढ़ी है तथा भाजपा के द्वारा करोड़ो रूपये खर्च कर श्री राहुल गाँधी की छवि खराब करने का षड़यंत्र विफल हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से खबराकर भाजपा ने श्री राहुल गाँधी के विरूद्ध षड़यंत्र रचा है। उन्होंने कहा कि आजादी के समय जब देश में सुई नहीं बनती थी, कांग्रेस की सरकारों ने देश को विश्व की शक्ति बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी देश के लिये जीवन कुर्बान करने वाली पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी के पोते हैं तथा देश की अखण्डता के लिये जीवन कुर्बान करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी के पुत्र हैं, उनके खिलाफ भाजपा ने संसद से निष्कासित करने का षड़यंत्र किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सत्ता में बैठे हुये लोगों का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है, इन फासीवादी ताकतों ने 40 साल तक देश के झण्डे को अपने कार्यालय पर नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पंजाब से आतंकवाद को समाप्त करने का कार्य किया था, किन्तु आज पंजाब में ऐसी सरकार का शासन है जहाँ अलगाववादी पुलिस थानों पर कब्जे कर देश को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म की बात कर भाजपा सत्ता में आई गई है, किन्तु हिटलर भी इसी प्रकार सत्ता में आया था, उसके पश्चात् जर्मनी का हश्र सभी ने देखा। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी के अपमान का आरोप लगाती है, जबकि

3..........

Created by Universal Document Converter

देश का पैसा हड़पकर भागे हुये ललित मोदी एवं नीरव मोदी ओबीसी समुदाय से नहीं है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं ओबीसी समुदाय से आते हैं तथा उनकी जाति का कांग्रेस का कोई अन्य विधायक भी नहीं है फिर भी कांग्रेस पार्टी ने उन्हें तीन बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी ने मंहगाई, बेरोजगारी, समाज में बढ़ती असमानता, अडानी की बढ़ती सम्पत्ति पर सवाल उठाये थे, किन्तु श्री राहुल गाँधी के भाषण को संसद की कार्यवाही से निकाल दिया गया क्योंकि भाजपा इन आरोपों का जवाब देना नहीं चाहती है, इसीलिये श्री राहुल गाँधी की संसद से सदस्यता को समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि आज 1 अप्रेल से प्रदेश में सभी बजट घोषणायें लागू हो गई हैं, सभी बीपीएल परिवारों एवं उज्जवला लाभार्थियों को 500 रूपये में सिलेण्डर मिलेगा, इसी प्रकार अन्य बजट घोषणाओं से भी प्रदेशवासी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि यह सभी जनकल्याणकारी योजनायें जनता को बढ़ती मंहगाई एवं घटती कमाई से हो रही परेशानियों से राहत दिलाने के लिये लाई गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का झण्डा न्याय एवं बलिदान का प्रतीक है तथा संविधान की रक्षा के लिये कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता फासीवादी ताकतों के विरूद्ध चल रही लड़ाई में पूरी ताकत के साथ जुट जायें।

इस अवसर पर राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि जब भी देश पर संकट आया है तो कांग्रेस के देशभक्त कार्यकर्ता आगे आये हैं। उन्होंने कहा कि देश के संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने का कार्य कांग्रेस पार्टी कर रही है तथा श्री राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी यही मकसद था। उन्होंने कहा कि भाजपा इसलिये डरी हुई है कि भारत जोड़ो यात्रा में उन्होंने देखा कि देश में एक और गाँधी जनता के बीच निकला है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि 70 साल में क्या किया, जबकि कांग्रेस ने जनता को सबसे बड़ा वोट का हक दिया जिसके कारण ही आज श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बन सके। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में कांग्रेस के महान् नेताओं एवं उनके बच्चों तक ने कुर्बानी दी थी, किन्तु भाजपा के नेता आज नहीं बता सकते कि उनके किसी सदस्य ने आजादी की लड़ाई में कुर्बानी दी हो। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 1978 में श्रीमती इंदिरा गाँधी को संसद से निष्कासित किया गया था तो पूरे देश के जेलों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भर दिया था, बल्कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मुरारजी देसाई को स्कूलों को जेल में बदलना पड़ा था, इसी प्रकार

4...........

Created by Universal Document Converter

का एक जन आन्दोलन पुन: देश में चलेगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी कांग्रेस एकजुट होकर फासीवादी ताकतों से लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिनके पूर्वजों ने कांग्रेस के लिये काम किया तथा देश के लिये लड़ाई लड़ी उन्हें ही सबसे बड़ा नेता मानते हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी ने केन्द्र सरकार से सिर्फ इतना पूछा कि अडानी की सम्पत्ति इतनी क्यों बढ़ गई तो संसद ने उनके भाषण को कार्यवाही से निकाल दिया, जबकि ऐसा इतिहास में कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही मोदी सरकार के दोस्त को बचाने के लिये की गई है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी को बोलने से रोकने के लिये संसद की माईक बंद कर दी गई, जबकि इस तरह के काम तो अंग्रेजों ने भी नहीं किये। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी की आवाज देश की आवाज है उसे भाजपा दबा नहीं सकती। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह की माता को देश की मां कांग्रेस के नेता मानते थे तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी ने स्वतंत्रता सैनानियों को पेंशन देने तथा उनके बच्चों को सुविधायें देने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि आज अडानी की सम्पत्ति बढ़ रही है और देश के लोग गरीब हो रहे हैं, इसी मुद्दे को श्री राहुल गाँधी ने उठाया था। उन्होंने कहा कि 1971 में श्रीमती इंदिरा गाँधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिये थे और आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो यह कहते हैं कि घर में घुसकर मारेंगे, उनके शासनकाल में पाकिस्तान के ड्रोन द्वारा आये दिन भारतीय सीमाओं का उल्लंघन किया जा रहा है।

श्री रंधावा ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ देश बचाने के लिये संघर्ष हेतु कमर कसनी होगी। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी कहते हैं कि डरो मत, इसी नारे को अंगीकार करते हुये सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव में राजस्थान में पुन: कांग्रेस की सरकार बनाने तथा वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के संघर्ष में जुट जायें।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter